पूज्य चरण सद्गुरु देव

श्री स्वामी गीतानन्द जी महाराज "भिक्षु:"

के मुखारविन्द से नि:सृत

# अनमोल वचन

- अपने दैनिक जीवन को इतना सुन्दर बना लो कि संसार तुम्हें चाहे, और मन:स्थिति इतनी ऊँची बना लो कि भगवान तुम्हे चाहें।
- जीवन से सब कुछ मिल सकता है, किन्तु सब कुछ देकर भी जीवन नहीं मिल सकता, अत: जीवन का सदुपयोग करो।
- धन भी कमाओ, किन्तु धन ही न कमाओ, धन के साथ-साथ धर्म भी कमाओ, क्योंकि धन लोक में काम देगा और धर्म परलोक में काम देगा।
- प्राप्त सामर्थ्य सुविधा का सदुपयोग करो, देने वाले ईश्वर का धन्यवाद करो, प्राप्त हुए सामर्थ्य सुविधा का दुरुपयोग न करो, देकर देने का अभिमान न करो।
- जिसने करने योग्य काम को कर लिया, अल्पायु भी शतायु है, जिसने करने योग्य काम को नहीं किया वह शतायु भी अल्पायु है।
- तुम्हारी नाज़ायज़ कमाई का लाभ तो कोई भी उठा सकता है पर, तुम्हारे नाज़ायज़ कर्मों का फल तो तुम्हें ही भोगना पड़ेगा।
- आया है जो इस जग में, वह जरुर जायेगा और कर्मानुसार फल भी वह जरुर पायेगा प्रभु के द्वार पर है न्याय, अन्याय नहीं है, उसकी पकड़ से बचने का उपाय नहीं है।
- धैर्य धरो, पुरुषार्थ करो, पूरा होगा काम, उस दिन ही फलते नहीं जिस दिन बोते आम।
- मनुष्य सामान और सम्मान पाकर फूल जाता है, देने वाले ईश्वर को भूल जाता है, यही बड़ी भूल है।
- धन दान बिना, तन प्राण बिना, जीवन ज्ञान बिना तीनों व्यर्थ हैं।
- सुख भोग से मिलता है, भोग भाग्य से मिलता है, भाग्य कर्म से बनता है, इसलिए सत्कर्म करो।
- शान्ति सद्विचारों से मिलती है, सद्विचार सन्तों से मिलते है। सन्त ईश्वर कृपा से मिलते हैं, अत: सत्संग करो।
- शान्ति की इच्छा है तो, इच्छाओं को शान्त करो।

Sponsored By

amari HEIGHTS

PREMIUM 2BHK FLATS INSIDE HUGE SPANISH TOWNSHIP

**FUTURE CITY DEVELOPERS PVT. LTD.**

Sector-125, Greater Mohali.

Website: www.futurecity.in Email: futurecitydevelopers@gmail.com

Mob: 98784-23808, 98728-69000,84278-84279

Off: 583/1, Opp. Arya College For women, Dandi Swami Road, Ludhiana


श्री गीता वृद्धाश्रम, गीता मन्दिर, गीता विहार, थरीके, लुधियाना। 0161-2805838